तेरा ही दर मेरे जीने का सहारा

दर तेरा बाबा मुझे स्वर्ग से प्यारा,
तेरा ही दर मेरे जीने का सहारा,

श्याम खाटू वाले तुम शीश के हो दानी,
तुम सा न देव दूजा तुम सा न दानी,
हम जैसे हारो को तो तेरा ही सहारा,
दर तेरा बाबा मुझे स्वर्ग से प्यारा,

दुनिया से मांगा बाबा कुछ न मिला,
तेरे दर पे आके मेरा भाग्ये जगा,
तूने ही बाबा मेरा जीवन स्वारा,
दर तेरा बाबा मुझे स्वर्ग से प्यारा,

जब तक है जीवन बाबा मुख मत मोड़ न,
आंधी चाहे तूफ़ान आये साथ मत छोड़ना,
तुम ही तो बाबा मेरी कश्ती का किनारा ,
दर तेरा बाबा मुझे स्वर्ग से प्यारा,

तमना यही है बाबा गुण तेरे गाउ,
सारी उम्र तेरी सेवा में बिताऊ,
संगीता को बाबा तेरा ही सहारा,
दर तेरा बाबा मुझे स्वर्ग से प्यारा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9641/title/tera-hi-dar-mere-jeene-ka-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |